# पाराशरी नदी का होगा कायाकल्प

**खास बातें**

- नगर पालिका व पंचतत्व ने लिया संकल्प
- नदी का हाल जानने आए थे मंत्री पटेल



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 4 फरवरी, पाराशरी नदी का कायाकल्प करने का नगर पालिका परिषद तथा पंचतत्व संस्था ने संकल्प लिया था.स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रुपए खर्च हो गए नदी के हालात नहीं बदले मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल भी आए थे और उन्होंने पाराशरी नदी के कायाकल्प में श्रमदान कर अपनी भागीदारी निभाई थी और खूब सराहना की थी पंचतत्व के सभी पदाधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद के निर्णय की चंदा भी हुआ था.**

नगर पालिका की जेसीबी भी चौड़ाई गहराई बढ़ाने में लगी रही थी. पचमा मार्ग स्थित पाराशरी नदी पल के पास क्या स्थिति बनी हुई है.यह तो मौके पर ही देखा जा सकता है.मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जहां मिट्टी की तगाड़ी अपने कंधे पर रखकर उपस्थित जनों के साथ श्रमदान किया था.वहां अब बच्चों ने शौचालय बना लिया है और गंदगी रुकी पड़ी है.इसी प्रकार पाराशरी नदी मुख्य मार्ग पर आयोजन रखा गया था.जहां पूर्व विधायक वर्तमान विधायक नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष तथा सभी पार्षद एवं समाजसेवी कारोबारी व्यापारी उपस्थित थे.वहां भी कायाकल्प करने का निर्णय लिया गया था और वहां उपस्थित लोगों ने पाराशरी के कायाकल्प हेतु धनराशि भी पंचतत्व संस्था को प्रदान की थी. पंचतत्व संस्था के पदाधिकारी ने कहा था कि हम यहां नदी के दोनों तरफ सौंदर्य करण करेंगे.बढ़िया फूलदार वृक्षों के पौधे लगाएंगे नदी में उतरने घाट का निर्माण भी होगा.यहां नांव चलेगी आने जाने वालों को पाराशरी नदी आकर्षण का केंद्र होगी मिट्टी का कटाव रोकने पिचिंग के साथ अन्य कार्य भी होंगे ताकि यह क्षेत्र आकर्षण का केंद्र बने.

# पठारी क्षेत्र में तेंदुए की फिर से दहशत, घर में बंधे मवेशी पर हमला

**नवभारत न्यूज**
**पठारी 4 फरवरी, तहसील क्षेत्र में एक बार फिर तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल फैल गई है.बीती रात खुरई रोड स्थित गंभीरिया गांव के शैलेन्द्र सिंह यादव एवं जाजपोन गांव में तेंदुए ने घर में बंधे मवेशी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया. मवेशियों की चीख-पुकार और कुत्तों के तेज भौंकने की आवाज सुनकर ग्रामीण नींद से जागे और तत्काल बाहर निकल आए.**

ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए डंडों की मदद से तेंदुए को भगाया गया. घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल बन गया है.सूचना मिलने पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर प्रवीण विश्वकर्मा एवं कृष्ण पाल सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और आवश्यक कागजी कार्रवाई की गई.ग्रामीणों का कहना है कि पठारी तहसील क्षेत्र में तेंदुआ पहले भी कई बार देखा जा चुका है और इससे जुड़ी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. वन विभाग द्वारा कुछ समय पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास पिंजरा लगाया गया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद उसे हटा लिया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है. ग्रामीणों ने वन विभाग से स्थायी समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी जनहानि की बड़ी घटना हो सकती है.



## एक नजर में

### 5 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मप्रमक्षेविविकलि सिरोंज शहर के प्रबंधक ने बताया कि 5 फरवरी गुरुवार को 11 के.व्ही. रोहिलपुरा फीडर की सप्लाई दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी. इस कारण से आरोन रोड, ग्रीन सिटी, अर्थ रेसीडेंसी, रोहिलपुरा चौराहा, दुर्गानगर आदि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

### एनएसएस कैंप सेवा संकल्प के साथ हुआ संपन्न

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** शासकीय महा विद्यालय कुरवाई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जरगवामें सेवा संकल्प के साथ संपन्न हआ. कैंप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि महाविद्यालयीन जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी, विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य सीमा सप्रे, ग्राम के सरपंच संजय राठौर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद कुमार चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया.अतिथियों ने स्वसेवकों द्वारा शिविर परिसर के उन्नयन कार्य की प्रशंसा की. शिविर परिसर भ्रमण करने के उपरांत अतिथियों ने, स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम के मार्गों एवं दीवारों पर किए हुए भित्ति चित्रण का भी अवलोकन किया. कैंप के दौरान स्वयंसेवक रानी अहिरवार एवं सोनू अहिरवार द्वारा विभिन्न बुंदेली लोकगीतों का गायन किया गया एवं स्वयंसेवक रोशनी वंशकार, प्रतीक्षा प्रजापति, मुस्कान दांगी, रूपाली एवं महक राजपूत द्वारा लोक नृत्य, की प्रस्तुति दी गई.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड | आई फोन



# एसडीएम ने किया सब जेल का निरीक्षण

**130 क्षमता वाले बंदीगृह में पाए 103 कैदी**

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यावरण के प्रति प्रेम जाहिर करते हुए बागवानी लगाने और योग कक्षा लगाने के दिए नवागत एसडीएम अनुभा जैन ने आज सब जेल गंज बासौदा का निरीक्षण किया पर्यावरण संरक्षण के संदेश देते हुए कैदियों को प्रकृति से जोड़ने बागवानी लगाने और योग कक्षा नियमित और अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए.**

जेलर आलोक भार्गव के साथ एसडीएम अनुभा जैन ने सब जेल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिस्पेंसरी, तकनीकी शाखा, भोजनशाला, टॉयलेट बंदीगृह और परिसर का निरीक्षण किया.वहीं बताया कि 130 छमता वाले बंदीगृह में 103 कैदी उपस्थित पाए गए. साफ सफाई व्यस्था अच्छी है, कैदियों को समय पर भोजन मिल रहा है, पर्यावरण संरक्षण के संदेश देते हुए कैदियों को प्रकृति से जोड़ने बागवानी लगाने और योग कक्षा नियमित और अन्य गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए.

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, मध्यप्रदेश में महिला नेतृत्व को मिली नई जिम्मेदारी

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, मध्यप्रदेश द्वारा संगठन को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है.संस्था ने दुर्गाचौक, तलेया मोहल्ला, विदिशा निवासी श्रीमती सुचिता सोनी को प्रदेश महामंत्री (महिला) पद पर नियुक्त किया है.यह नियुक्ति अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, मध्यप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मंजरी जैन द्वारा संगठनात्मक क्षमता, सामाजिक सक्रियता एवं समाज के प्रति समर्पण को ध्यान में रखते हुए की गई है.इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मंजरी जैन ने कहा कि श्रीमती सुचिता सोनी की नियुक्ति से वैश्य समाज की महिलाओं को संगठित करने, उन्हें नेतृत्व से जोड़ने एवं समाजहित में प्रभावी भूमिका निभाने में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी.श्रीमती सुचिता सोनी ने इस दायित्व के लिए संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार माना.

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर हुआ गरिमामय आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा/ग्यारसपुर,** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह रघुवंशी, पूर्व जनपद अध्यक्ष गंजबासौदा पहलाद रघुवंशी, अहिरवार समाज संघ के संभागीय अध्यक्ष महाराज सिंह सूर्यवंशी, अनुसूचित जाति कांग्रेस प्रांतीय सचिव डॉ. संगीता हेमराज चंद्रावल, जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेंद्र सिंह रघुवंशी, सरपंच श्रीमती उषा यादव, नारायण सहरिया, ग्यारसपुर जनपद सदस्य अनीश खान, भगवान सिंह शिक्षक, अनुसूचित जाति कांग्रेस



जिला अध्यक्ष जगन्नाथ अहिरवार, गुलाबगंज तहसील अध्यक्ष चंद्रमोहन रतोसिया, लंबू लाल, शिमला देवी अटारी, खेजड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे.कार्यक्रम की अध्यक्षता हुकुम लाल अहिरवार एवं मनमोहन सिंह दिनेश अहिरवार अहिरवार भूरेलाल भारत सिंह रामलाल द्वारा की गई.अतिथियों ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के जीवन, उनके संदेशों एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला साथी सूरज भारती और राकेश भारती द्वारा गानों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ.




# नहर में मिला शिक्षा विभाग में पदस्थ बाबू का शव

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, शिक्षा विभाग में पदस्थ बाबू का शव बुधवार को इमलानी रोड पुलिया के पास नहर में मिला. जिसके बाद सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की एवं शव को नहर से बाहर निकाला. मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है. पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है.**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संकुल कस्बाताल में पदस्थ बाबू करीब 46 वर्षीय रामकुमार साहू निवासी टोरी मोहल्ला सिरोंज का शव बुधवार को इमलानी रोड पुलिया के पास नहर में मिला. वह मंगलवार को रात करीब 8 बजे घर से गये थे. तथा रात को घर वापस नहीं आये. बुधवार को सुबह उनका शव इमलानी रोड पुलिया के पास नहर में मिला. मामले की जानकारी मिलने पर शहर में सनसनी फैल गई. जिसके बाद सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की एवं शव को नहर से निकाला. इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ भी लग गई. मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया. एवं शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया. मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है. पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है.

# धू-धू कर जलकर भस्म हुई स्वर्ण लंका

**नटेरन में लंका दहन की लीला का हुआ मंचन**



**नवभारत न्यूज**
**नटेरन, भैरव बाबा के ऐतिहासिक मेले में आदर्श बांके बिहारी मंडली वृंदावन द्वारा रामलीला का आयोजन रामलीला कमेटी अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव के निर्देशन में किया जा रहा है. मंडली द्वारा सीता की खोज लंका दहन का जीवंत अभिनय देख दर्शकों पत्रों के अभिनय से प्रभावित रहे अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बतलाया लीला अनुसार भक्त हनुमान जी ने श्री राम द्वारा प्राप्त अंगूठी को लेकर लंका की ओर प्रस्थान किया वायु मार्ग से जाते हुए रास्ते में नागों की मां सुरसा से बुद्धि चातुर्य से बचकर लंका के द्वार पर लंकनी के विरोध करने पर उसका वध किया रात्रि में मच्छर का आकर लेकर लंका में प्रवेश किया देखा की सुंदरियों से भरा विलासता पूर्ण जीवन चारों ओर फैला हुआ है हनुमान जी ने सीता जी को चारों ओर ढूंढना प्रारंभ किया.**

हनुमान जी विभीषण से मार्गदर्शन प्राप्त कर अशोक वाटिका अशोक वृक्ष पर चढ़कर सीता का विविध विलाप सुनते हैं.लंकापति रावण अपनी स्त्रियों सहित सीता को विभिन्न प्रकार से प्रलोभन देता है लेकिन सीता रावण की तरफ दृष्टिपात नहीं करती हैं अंत में रावण धमकी देकर चला जाता है कहता है कि यदि एक माह में मेरी बात नहीं मानी तो मैं तुम्हारा कृपाण से जीवन समाप्त कर दूंगा और रावण क्रोध में चला जाता है उसी समय सीता जी त्रिजटा से आत्म दाह करने को कहती हैं, करुण भाव में कहा कि मात् मोह अग्नि ला दे जारो गी अपनो शरीर उसी समय हनुमान जी श्री राम की दी गई अंगूठी सामने गिरा देते हैं राम नाम अंकित अंगूठी देखकर सीता माँ हर्षित होती है.वृक्ष से उतरकर सीता मां से अपना परिचय देते हुए श्री राम का संदेश सुनते हैं सीता मां का भ्रम दूर करने के लिए अपना विकराल रूप दिखाते हैं तत्पश्चात अपना अति लघु रूप कर माँ से भूख मिटाने के लिए फल खाने की आज्ञा मांगते हैं सीता मां के समझाने पर उनका फल खाना वृक्षों को उखाड़ कर फेंकना सुनकर रावण अपने पुत्र अक्षय कुमार को भेजता है उसका वध हनुमान जी करते हैं अपने सुत का वध सुनकर रावण इंद्रजीत (मेघनाथ) को भेजता है मेघनाथ हनुमान का घमासान युद्ध होता है मेघनाथ अंततः ब्रह्मास्त्र का प्रहार करता है इस अस्त्र की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए हनुमान जी मेघनाथ द्वारा बंध कर रावण दरबार पहुंचते हैं रावण हनुमान परस्पर संवाद होता है रावण हनुमान जी को अंग भंग करने को कहता है. विभीषण के इनकार करने पर सभी सभासदों की सलाह के अनुसार हनुमान जी की पूंछ जलानें को कहते हैं हनुमान जी की पूंछ प्रज्वलित होती है. हनुमान कूद-कूद कर पूरी लंका में आग लगा देते हैं और लंका धू धू कर जलकर भस्म हो जाती है हनुमान जी समुद्र में अपनी पूछ बूझकर सीता मां से प्राप्त चूड़ामणि लेकर पुनः रामादल की ओर प्रस्थान करते हैं.चूड़ामणि प्राप्त कर श्री राम सामान्य मनुष्य की भांति भावुक हो जाते हैं और हनुमान जी को भगवान अपने मुख से बहुत सराहते है.अंत में मेला समिति अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव ने कहा की , लंका दहन का मूल कारण हनुमान जी जैसे संत की पूंछ में आग लगाई पूंछ का तात्पर्य प्रतिष्ठा से होता है उस प्रतिष्ठा में आग लगाने पर स्वर्ण लंका जलकर भस्म हो गई हमें सोचना होगा कि यदि कोई किसी की प्रतिष्ठा में आग लगाएगा तो वह अपनी अस्तित्व रूपी लंका नहीं बचा पाएगा अतः हमें किसी की प्रतिष्ठा में आग नहीं लगाना चाहिए.

# राहत बचाव के सिखाए गुर, नटेरन में आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन, आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद हाल नटेरन में आयोजित किया गया.यह प्रशिक्षण ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डिजास्टर रिस्पांस प्रोग्राम के अंतर्गत बाढ़ आपदा राहत खोज एवं बचाव विषय पर केंद्रित रहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार नटेरन में संपन्न हुआ कार्यक्रम में तहसीलदार आनंद जैन एवं नायब तहसीलदार पीयूष जैन की विशेष उपस्थिति रही.**

प्रशिक्षण का नेतृत्व आपदा नोडल अधिकारी एवं जिला कमांडेड होमगार्ड मयंक कुमार जैन द्वारा किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कमान डेट एवं तहसीलदार आनंद जैन द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया प्रशिक्षण के दौरान इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम रेस्क्यू टास्क फोर्स तथा सचेत अप के बारे में जानकारी दी गई.मयंक कुमार जैन एवं



प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे ने बाढ़ आपदा राहत खोज एवं बचाव कार्यों में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय तथा आपदा से पूर्वएवं पक्ष की जाने वाली कार्यवाहियों पर प्रकाश डाला. इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण में बाढ़ भूकंप आगजनी सर्पगंज वज्रपात प्राथमिक उपचार एवं शीतलहर जैसी आपदाओं से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताएं एवं समझाएं प्रतिभागियों को सचेत ऐप डाउनलोड कर कर उनके उपयोग और महत्व की जानकारी भी दी गई. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय जनहानि को न्यूनतम करना एवं प्रशासनिक अम्ल की तैयारी को अधिक मजबूत बनाना है. कार्यक्रम में क्षेत्र के गांड मारने नागरिकों सहित कोटवार एवं नगर सैनिक उपस्थित रहे.

### अयोध्या तीर्थ दर्शन हेतु आवेदन 11 तक आमंत्रित

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत अयोध्या तीर्थ दर्शन के लिए आवेदन 11 फरवरी तक आमंत्रित किए गए है. शहरी क्षेत्र के आवेदक नगरीय निकाय में तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक संबंधित जनपद पंचायत में कार्यालयीन दिवसों, अवधि में जमा कर सकते है। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना की पात्रता रखने वाले वयोवृद्ध अंतिम तिथि तक आवेदन संबंधित निकाय या जनपद पंचायत कार्यालयों में जमा कर पावती रसीद प्राप्त कर सकते हैं.

# मंच छोड़ बच्चों के साथ नीचे बैठीं तहसीलदार

**त्योंदा में सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रभावित तहसीलदार पहुंचीं छात्रों के बीच**




**नवभारत न्यूज**
**त्योंदा,** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा का सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद सदस्य निर्वेश मीणा, सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम अहिरवार,वरिष्ठ नेता डॉक्टर सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, सुरेश दुबे, प्रेमनारायण साहू, इलियास भाई, राहुल राय, धनसिंह कुशवाह, तहसीलदार सुश्री ऋतु राय, प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. उपस्थित अतिथियों का छात्र संघ की ओर से अध्यक्ष महक सेन व मयंक साहू ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया.

उल्लेखनीय है कि विद्यालय में पहली बार थीम आधारित 13 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें स्वच्छता, लोक नृत्य, नारी सम्मान, बाल विकास, स्कूल चले हम, देशभक्ति, रामायण, नशामुक्ति, नैतिक शिक्षा आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया. विद्यालय के विद्यार्थी जब रामायण का मंचन कर रहे थे तो इस प्रस्तुति से प्रभावित होकर कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार सुश्री रितु राय मंच छोड़कर दर्शकों में नीचे बैठे बच्चों के बीच जाकर बैठ गई. तहसीलदार को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे, बच्चों ने उनके साथ सेल्फी ली और सभी ने उनकी इस सरलता की सराहना की.अपने संबोधन में तहसीलदार सुश्री ऋतु राय ने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ने तथा अच्छा नागरिक बनने का आवाहन किया.जनपद सदस्य निर्वेश मीणा ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं भ्रमण कार्यक्रमों में भी सहभागिता करने की बात कही. उन्होंने इस सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को मोबाइल भेंट करने की घोषणा की.सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम अहिरवार ने विद्यार्थियों से पर्यावरण और परंपरागत गतिविधियों से जुड़ने की अपील की,वही डॉक्टर सूरज श्रीवास्तव व सुरेश दुबे ने कहा कि हम लोगों ने क्षेत्रीय सांसद व कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरि सिंह रघुवंशी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से त्योंदा में डिग्री कॉलेज तथा सी एम राइज विद्यालय खोलने की मांग की है.इलियास भाई ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दीं.इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक खिलान सिंह अहिरवार का सम्मान किया गया तथा वर्ष भर चली विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक व खेल गतिविधियों में विजेता रहे 452 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी वितरित किए गए।कार्यक्रम का संचालन उच्च माध्यमिक शिक्षक योगेश चतुर्वेदी ने किया.अंत में प्राचार्य अभय कुमार शर्मा ने आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर स्थानीय नागरिक, अभिभावक तथा स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे.

**चिंता** | **ओलावृष्टि की आशंका से किसान चिंतित, ठंडजनित बीमारियों से जनजीवन प्रभावित**

# बढ़ती ठंड और बारिश का कहर, जनस्वास्थ्य व फसलों पर मंडरा रहा खतरा

**नवभारत न्यूज**
**सांची, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड ने आम जनजीवन के साथ-साथ जनस्वास्थ्य को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है.बीती आधी रात हुई बारिश की बौछारों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे ठिठुरन और अधिक बढ़ गई.आसमान में दिनभर घने बादल छाए रहने से मौसम के और खराब होने की आशंका बनी हुई है.**



मौसम में आए इस अचानक बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है.ओलावृष्टि की संभावना को लेकर किसान भयभीत हैं, क्योंकि इससे खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है. ऐसे में किसानों ने समय रहते प्रशासन से मौसम को देखते हुए आवश्यक सतर्कता और राहत व्यवस्था की मांग की है.बढ़ती ठंड का सीधा असर जनस्वास्थ्य पर भी देखने को मिल रहा है.सर्दी-जुकाम, खांसी व बुखार जैसी मौसमी बीमारियों के मामलों में वृद्धि हो रही है.विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और कमजोर वर्ग के लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है.ठंड से राहत के लिए नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है, हालांकि जनहित में इसकी व्यापकता बढ़ाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है.लोग ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं और अनावश्यक बाहर निकलने से परहेज कर रहे है.मौसम की इस मार के बीच जनहित में जरूरी है कि प्रशासन सतर्क रहे और नागरिक भी सावधानी बरतते हुए अपनी सेहत व फसलों की सुरक्षा करें.